Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◻ अंक- 14 ◻ रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

गढ़चिरौली में 3 नक्सली ढेर एक जवान शहीद, सर्चिंग जारी



बीजापुर, 6 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमावर्ती क्षेत्र में गढ़चिरौली जिले के भमरागढ़ जंगलों में आज सुबह से नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में 3 नक्सली मारे गए हैं। मुठभेड़ के दौरान ष्ट-60 बल का एक जवान शहीद हो गया, जबकि एक अन्य जवान घायल है, जिसका इलाज जारी है।

सुरक्षा बलों ने मौके से 2 पुरुष और 1 महिला नक्सली के शव के साथ एसएलआर और ञ्च-47 राइफल बरामद किया है। मारे गए नक्सलियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। इलाके में फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है और सुरक्षा बल अलर्ट पर हैं। ऑपरेशन के दौरान, 01 सी-60 जवान, कांस्टेबल दीपक चिन्ना मडावी (38 साल) गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट किए जाने के बाद भामरागढ़ के सब-डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वह शहीद हो गए। एक और जवान कांस्टेबल जोगा मडावी (निवासी किश्तवापल्ली) को गोली लगी है। उन्हें हेलीकॉप्टर से भामरागढ़ ले जाया गया। उनकी हालत स्थिर है। उन्हें आगे के इलाज के लिए गढ़चिरौली ले जाया जाएगा।

ट्रैफिक पुलिस की गाड़ी ने स्कूल जा रहे दो मासूमों को लिया चपेट में, एक की मौत

रायपुर, 6 फरवरी (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर से एक हृदयविदारक खबर सामने आ रही है, जहां स्कूल जा रहे दो मासूम बच्चे एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गए. यह दुर्घटना शहर के पॉश इलाके में स्थित छत्तीसगढ़ क्लब के ठीक सामने हुई. इस भीषण टक्कर में स्कूल जा रहे एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ मौजूद एक बच्ची गंभीर रूप से घायल है. घायल बच्ची को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है.

हैरान करने वाली बात यह है कि मासूमों को कुचलने वाला वाहन ट्रैफिक पुलिस की 'टोइंग गाड़ी' (क्रिन) थी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैफिक पुलिस की इस गाड़ी ने बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया. वहीं ड्राइवर मौके से फरार हो गया. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मृत मासूम के शव को पीएम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है.

बारात से लौट रही कार हुई दुर्घटना का शिकार, 2 की मौत, दो की हालत गंभीर

कोरबा, 6 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोरबा-चांपा भारतमाला मुख्य मार्ग पर बीती रात एक रूह कंपा देने वाला भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें बिलासपुर के मस्तूरी क्षेत्र से कोरबा आ रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा गिरी. इस दर्दनाक दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए और वाहन में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं. जानकारी के अनुसार, मृतकों के नाम राहुल राय और विराट अग्रवाल बताए जा रहे हैं.

कार क्रमांक सीजी 10 पी एफ 9922 पर सवार ये सभी लोग एक बारात में शामिल होने के लिए जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही खुशियां मातम में बदल गईं.

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया. घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है. उरगा थाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और मृतकों के परिजनों को इस दुखद घटना की सूचना दे दी गई है. प्रथम दृष्टया हादसे का मुख्य कारण वाहन की अत्यधिक रफ्तार को माना जा रहा है, जिससे चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी पलट गई.

ब्रेकिंग न्यूज़

कल देशभर में थम जाएंगे ओला-उबर-रैपिडो के पहिए

नई दिल्ली, 6 फरवरी (न्यूज चैनल)। अगर आप कल कहीं जाने के लिए ओला, उबर या रैपिडो बुक करने की सोच रहे हैं तो थोड़ी सावधानी बरतें। कल, यानी शनिवार (7 फरवरी) को इन कंपनियों के ड्राइवरों ने देशभर में हड़ताल का एलान किया है। ड्राइवरों ने इसे %ऑल इंडिया ब्रेकडाउन% का नाम दिया है और वे अपना मोबाइल एप बंद रखेंगे। इस वजह से आपको कैब, ऑटो या बाइक टैक्सी मिलने में काफी दिक्कत हो सकती है। अच्छा होगा कि आप अपनी यात्रा के लिए कोई दूसरा इंतजाम जैसे बस या मेट्रो पहले से देख लें। इस हड़ताल को तेलंगाना गिग वर्कर्स यूनियन और दूसरे संगठनों ने मिलकर शुरू किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर साफ कहा है कि 7 फरवरी को पूरे भारत में ड्राइवर काम बंद रखेंगे। उनका कहना है कि न तो उनका कोई किराया तय है और न ही कोई नियम, बस उनका शोषण हो रहा है। यूनियन ने नितिन गडकरी (सड़क परिवहन मंत्री) को चिट्ठी लिखकर अपनी शिकायतें बताई हैं। ड्राइवरों का कहना है कि सरकार की तरफ से कोई रेट तय नहीं है इसलिए कंपनियां अपनी मर्जी से पैसे काटती हैं। इस वजह से ड्राइवरों के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है और उनकी कमाई का कोई भरोसा नहीं रह गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने पीके की जन सूराज को लगाई फटकार

नई दिल्ली, 6 फरवरी (न्यूज चैनल)। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने जन सूरज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि चुनाव हारने के बाद उम्मीदवारों को अदालतों का रुख नहीं करना चाहिए। बेंच ने टिप्पणी की कि मतदाताओं द्वारा नकारे गए उम्मीदवारों को लोकप्रियता हासिल करने के लिए न्यायपालिका का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की बेंच ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से संबंधित किशोर की याचिका पर सुनवाई करते हुए ये तीखी टिप्पणियां कीं। किशोर ने सुप्रीम कोर्ट में आरोप लगाया था कि महिला रोजगार योजना की धनराशि मतदान से ठीक पहले लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित की गई थी, जिससे उनके अनुसार चुनाव परिणाम प्रभावित हुए थे। हालांकि, चुनाव आयोग ने उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद किशोर ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। पार्टी द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली तत्कालीन बिहार सरकार ने चुनाव तिथियां तय होने के बाद 10,000 रुपये के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की घोषणा से पहले जानबूझकर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना में अतिरिक्त लाभार्थियों को जोड़ा।

2026 की पहली एमपीसी में नहीं बदला रेपो रेट गवर्नर बोले-भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर

नई दिल्ली, 6 फरवरी (न्यूज चैनल)। वर्ष 2026 के पहले मौद्रिक नीति समिति के फैसलों का एलान शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने किया। केंद्रीय बजट 2026 और हाल ही में हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद यह पहली नीतिगत समीक्षा है, जिस पर दलाल स्ट्रीट और आर्थिक जगत की निगाहें टिकी थी। आरबीआई ने इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है और इसे %यथास्थिति% बनाए रखा है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने उम्मीदों के अनुरूप रेपो रेट को 5.25त्न पर यथावत रखने का फैसला किया है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने घोषणा की है कि एमपीसी ने नीतिगत रुख को %तटस्थ% बनाए रखने का निर्णय लिया है। आरबीआई गवर्नर ने जोर देकर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और घरेलू मुद्रास्फीति व विकास का परिदृश्य सकारात्मक है। गवर्नर ने यह भी साफ किया कि भविष्य में मौद्रिक नीति संशोधित शृंखला पर आधारित नए मुद्रास्फीति आंकड़ों से निर्देशित होगी। इससे पहले साल 2025 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने उदार रुख अपनाते हुए रेपो रेट में कुल 125 बेसिस पॉइंट्स की बड़ी कटौती की थी। दिसंबर 2025 में हुई साल की अंतिम मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो रेट को 25 बेसिस पॉइंट और घटा दिया गया, जिससे यह 5.5त्न से घटकर 5.25त्न पर आ गया था।

सलाह सबकी सुनें, पर भरोसा खुद पर रखें मोदी ने छात्रों को दिया सफलता का मूल मंत्र

परीक्षा-पे-चर्चा

नई दिल्ली, 6 फरवरी (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग (स्थ्रस्) पर परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण के दौरान देश भर के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से सीधा संवाद किया। इस बार पीएम का जोर केवल परीक्षा में अंक लाने पर नहीं, बल्कि मेक इन इंडिया की भावना को अपनाने और जीवन के सर्वांगीण विकास पर रहा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मेक इन इंडिया और एक भारत श्रेष्ठ भारत पर ज़ोर दिया, साथ ही छात्रों को अपनी पढ़ाई और हॉबीज़ के बीच संतुलन बनाने की सलाह दी। उन्होंने नई दिल्ली में अपने 7, लोक कल्याण मार्ग आवास पर परीक्षा पे चर्चा के नौवें एडिशन के दौरान छात्रों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि छात्रों को सभी की सलाह सुननी चाहिए, लेकिन उन्हें हमेशा अपने तरीके से काम करना चाहिए और खुद पर भरोसा रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भले ही वह प्रधानमंत्री बन गए हैं, फिर भी लोग उन्हें सलाह देते रहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने काम करने के तरीके में कुछ बदलाव किए हैं, लेकिन अपना मूल तरीका नहीं छोड़ा है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि परीक्षा का एकमात्र लक्ष्य सफलता हासिल करना नहीं होना चाहिए और ध्यान सर्वांगीण विकास पर होना चाहिए। उन्होंने कहा, आपके माता-पिता, या शिक्षक, या दोस्त कुछ भी कहें, आप सभी सुझावों को ध्यान में रखते हुए अपने तरीके पर विश्वास रखें और उसका पालन करें। मैं बीते हुए कल को नहीं देखता, मैं हमेशा आने वाले कल को देखता हूं... कई बार शिक्षक सिर्फ़ वही पढ़ाते हैं जो महत्वपूर्ण होता है और जिससे आपको अच्छे नंबर मिल सकें, लेकिन एक अच्छा शिक्षक सर्वांगीण विकास पर ध्यान देता है और सब कुछ सिखाता है।

छात्रों के साथ बातचीत के दौरान मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों को AI का इस्तेमाल करना चाहिए, लेकिन यह हमेशा उनके लक्ष्य हासिल करने में मदद नहीं करेगा। जब एक छात्र ने उन्हें बताया कि वह गेम डेवलपर बनना चाहता है, तो मोदी ने कहा कि गेमिंग एक स्किल है, लेकिन गेमिंग को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। हालांकि, उन्होंने कहा कि गेमिंग एक स्किल है और इसका इस्तेमाल सतर्कता जांचने और आत्म-विकास के लिए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने छात्रों को यह भी सलाह दी कि वे अपना समय बर्बाद न करें क्योंकि भारत में इंटरनेट सस्ता हो गया है, और बताया कि उनकी सरकार ने सट्टेबाजी के खिलाफ कानून बनाया है। उन्होंने कहा, आपको गेमिंग में दिलचस्पी है, लेकिन सिर्फ़ इसलिए समय बिताने के लिए इसमें शामिल न हों क्योंकि भारत में डेटा सस्ता है। मज़े के लिए ऐसा न करें। जो लोग पैसे के लिए गेमिंग करते हैं, वे बर्बाद हो जाएंगे। हमें देश में जुए को बढ़ावा नहीं देना है। मैंने ऑनलाइन जुए के खिलाफ कानून बनाया है।इस साल परीक्षा पे चर्चा का नौवां एडिशन आयोजित किया गया - जो पहली बार 2018 में हुआ था - जिसे संसद के बाल योगी ऑडिटोरियम में भी दिखाया गया। दिल्ली के अलावा, इसे असम के गुवाहाटी, छत्तीसगढ़ के रायपुर, तमिलनाडु के कोयंबटूर और गुजरात के देव मोगरा में आयोजित किया गया। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस साल परीक्षा पे चर्चा

हाउसिंग बोर्ड के संभागीय कमिश्नर और बाबू रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

एसीबी की बड़ी कार्रवाई

अंबिकापुर, 6 फरवरी (हाईवे चैनल)। हाउसिंग बोर्ड के कार्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने छापा मारते हुए संभागीय कमिश्नर और एक बाबू को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अंबिकापुर के गोधनपुर स्थित हाउसिंग बोर्ड के संभागीय कार्यालय में की गई, जहां दोनों अधिकारी एक ठेकेदार से 50 हजार रुपये की रिश्वत ले रहे थे। एसीबी की टीम ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर पूरी योजना बनाकर यह ट्रैप कार्रवाई की। शिकायतकर्ता ठेकेदार ने एसीबी को बताया था कि उसके निर्माण कार्य से जुड़े फाइल को आगे बढ़ाने और भुगतान संबंधी प्रक्रिया में मदद के बदले रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत की प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद एसीबी ने जाल बिछाया। जैसे ही ठेकेदार तय राशि लेकर हाउसिंग बोर्ड कार्यालय पहुंचा और पैसे सौंपे, एसीबी की टीम ने मौके पर दबिश दे दी। इस दौरान संभागीय कमिश्नर पीसी अग्रवाल और बाबू अनिल सिंह को रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया गया। यहां मौके पर मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के मुताबिक, अफसर और बाबू ने ठेकेदार से 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। यह राशि निर्माण कार्य से संबंधित फाइलों को पास कराने और प्रशासनिक अड़चनों को दूर करने के नाम पर मांगी गई थी। एसीबी ने रिश्वत की रकम जब्त कर ली और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई के बाद एसीबी ने प्रेस नोट भी जारी किया है।

जमानत के बाद सुकमा से 30 किमी दूर मलकानगिरी में रहेंगे कवासी लखमा

रायपुर, 6 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित दो हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाले में आरोपी और कोंटा से सात बार के विधायक कवासी लखमा अब पड़ोसी राज्य ओडिशा के मलकानगिरी में अपना नया ठिकाना बनाएंगे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई सशर्त जमानत के बाद, उन्हें छत्तीसगढ़ की सीमा से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। बस्तर की राजनीति के कद्दावर नेता और पूर्व आबकारी मंत्री का राज्य से बाहर रहना दक्षिण बस्तर के राजनीतिक समीकरणों को बदल सकता है। सुकमा से मात्र 30.3 किलोमीटर दूर मलकानगिरी में रहने से वे अपने क्षेत्र के संपर्क में तो रहेंगे, लेकिन कानूनी बंदिशों के कारण उनकी सक्रियता सीमित रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कवासी लखमा को जमानत देते समय कड़ी शर्तें रखी हैं।

निर्माणाधीन मकानों में छड़, केबल सहित अन्य सामानों की हो रही चोरी

- रायपुर रोड पर बन रहे कुछ मकानो में आये दिन हो रही चोरी, ज्यादातर नाबालिग चोरी को दे रहे अंजाम
- बीती रात्रि मौके से पकड़ा गया था एक चोर, फिर साथियों के साथ हुआ फरार

धमतरी 6 फरवरी (हाईवे चैनल)। सूने मकानों में कीमती सामानों की चोरी के साथ ही अब चोर अधूरे मकानो में भी चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है।

रायपुर रोड पर मित्तल रेसीडेंसी के पीछे व श्याम मंदिर क्षेत्र के आसपास निर्माणाधीन कुछ मकानों में लगातार चोरी की वारदात हो रही है। रात के अंधेरे व सूनेपन का फायदा उठाकर चोर मकान में प्रवेश करते है और छड़ केबल वायर मशीन के कुछ सामानो की चोरी कर फरार हो जाते है। जिससे मकान मालिक परेशान हो चुके है। कुछ मकान मालिक द्वारा यहां सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए है जिनमें चोरी के कुछ फूटेज भी कैद हुए है हालांकि मुंह छुपाकर आने वाले चोरो के चेहरे फूटेज में स्पष्ट नहीं है।

बीती रात्रि भी रायपुर रोड निर्माणाधीन मकान में चोरी की वारदात हुई। रात्रि लगभग डेढ़ बजे श्री श्याम मंदिर के पुजारी पानी पीने उठे थे तभी उन्हें पास के निर्माणाधीन कुछ मकानों में हलचल दिखाई दी। जिसके पश्चात उन्होने परिचित दो मकान मालिकों को इसकी सूचना दी वे तत्काल कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंचे लोगों को आते देख 7-8 चोर भागने लगे उनमें से एक चोर को पकड़ लिया गया। जिसके पश्चात वह भी धक्का देकर मौके से फरार हो गया। इसके पश्चात रात में कंट्रोल रुम में फोन कर सूचना देने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन नहीं लग पाया। अब मकान मालिकों में चोरी की दहशत है। अब तक उनके हजारों रुपये का नुकसान चोर कर चुके है।

15 से 18 साल के है लड़के, नशे की लत बना रही चोर- मकान मालिकों ने बताया कि उनके घरो में घुसने वाले चोर ज्यादातर 15 से 18 साल के लड़के है। जो 7 से 8 के झुंड में निर्माणाधीन मकान में घूसते और चोरी करते है उनकी फूटेज व बीती रात्रि आंखो देखी से स्पष्ट हो रहा कि वे टीनेज नाबालिग है और नशे की लत के चलते चोरी को अंजाम दे रहे है। वे अपने साथ कटर जैसी बड़ी कैंची साथ लेकर आते है ताकि केबल व वायर को आसानी से काट सकें।

पेट्रोलिंग बढ़ाने और मामले को गंभीरता से लेने की मांग- मकान मालिकों द्वारा मांग की गई है कि रायपुर रोड मुख्य मार्ग पर पेट्रोलिंग वाहन घुमती है लेकिन भीतरी क्षेत्रो में भी पेट्रोलिंग हो तो इससे चोरो में दहशत होगी। बताया जा रहा है कि कुछ मकान मालिक द्वारा पूर्व में कोतवाली पुलिस को मौखिक रुप से चोरी की वारदात लगातार होने की सूचना दी गई थी। साथ ही चोरो का फूटेज भी दिखाया था लेकिन इसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

"रायपुर रोड निर्माणाधीन मकानों में चोरी रोकने पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। साथ ही लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कार्यवाही भी की जाएगी।"

-अभिषेक चतुर्वेदी, सीएसपी धमतरी

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, बिल गेट्स को एमस्टीन के साथ समय बिताने पर पछतावा हो रहा है।

चुहिया- हां जी, लोगों को काम होने केबाद ही पछतावा होता है।